बरसात में भी छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की धूम, छत्तीसगढ़िया खेल खेलने के लिए भिलाई के लोगों में भारी उत्साह, जुट रहे हैं मैदानों में

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के खेलों में शामिल होने के लिए लोगों में भारी उत्साह है। बरसात में भी खेल को लेकर लोग मैदानों में उमड़ रहे हैं। स्पॉट पर ही पंजीयन की व्यवस्था है, जिस किसी को भी खेल में शामिल होना है वह मैदान पर ही पंजीयन कराकर खेल में शामिल हो सकते हैं। विजयी प्रतिभागी को अगले खेल में शामिल होने का मौका मिलेगा तथा जीत मिलने पर पुरस्कार भी दिया जाएगा। अलग-अलग चरणों में खेल हो रहे हैं इस बार कुश्ती और रस्सी कूद को भी खेल में शामिल किया गया है। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर सभी जोन क्षेत्रों में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के खेल हो रहे हैं। राजीव युवा मितान स्तर पर प्रथम चरण , जोन स्तर पर द्वितीय चरण , निकाय स्तर पर तृतीय चरण , जिला स्तर पर चतुर्थ चरण, संभाग स्तर पर पंचम चरण एवं राज्य स्तर पर छठवां चरण का खेल होगा। प्रथम चरण के विजेता द्वितीय चरण में तथा द्वितीय चरण के विजेता तृतीय चरण में इस प्रकार से छठवे चरण तक के खेल में विजेता पहुंच सकते हैं और पुरस्कार हासिल कर सकते हैं। विजेताओं को पुरस्कार राशि के इंतजाम है। बच्चे , युवा, महिलाएं, बुजुर्ग सभी छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल में शामिल होकर खेल का आनंद ले रहे हैं तथा विजेता बनने का प्रयास कर रहे हैं। भिलाई निगम में वार्ड 59 मार्केट के पास डोम शेड , एसपीए सड़क स्थित मैदान में , आईटीआई मैदान में, जेपी स्कूल बैकुंठ धाम में, शांति नगर दशहरा मैदान में, वृंदा नगर वार्ड कार्यालय के सामने, अंबेडकर नगर स्कूल ग्राउंड, हाउसिंग बोर्ड मैदान एवं फरीदनगर मैदान के अलावा अन्य स्थानों में भी ओलंपिक खेल के आयोजन किए जा रहे हैं।